>

Title: The Speaker made reference to the 12th anniversary of the terrorist attack on Parliament House on 13th December, 2001. She also made reference to the passing away of Shri Asutosh Law, a member of the 8th Lok Sabha and Shri S.D.N.R. Wadiyar, a member of the 8th, 9th, 11th and 13th Lok Sabhas.

अध्यक्ष महोदया : माननीय सदस्यगण, आज भारत की संसद पर हुए आतंकवादी हमले की बारहवीं बरसी है।

संसद परिसर की रक्षा के लिए सदैव सजग रहने वाले हमारे सुरक्षा बलों ने 13 दिसम्बर, 2001 को इस सुनियोजित हमले को अद्भुत वीरता का परिचय देते हुए विफल कर दिया था। इसमें दिल्ली पुलिस के पांच जवान सर्वश्री नानक चंद, रामपाल, ओम प्रकाश, विजेन्द्र सिंह और घनश्याम, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की एक महिला कांस्टेबल श्रीमती कमलेश कुमारी, संसद सुरक्षा सेवा के दो सुरक्षा सहायक सर्वश्री जगदीश प्रसाद यादव और मातबर सिंह नेगी और एक कर्मचारी श्री देशराज वीरगति को प्राप्त हुए।

इस अवसर पर यह सभा इस हमले में संसद की बहादुरी से रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करती है और उनके परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करती है।

आज हम हर तरह के आतंकवाद का दृढ़तापूर्वक सामना करने का संकल्प लेते हैं तथा अपने देश की एकता, अखण्डता और संप्रभुता की रक्षा करने के लिए अपनी वचनबद्धता को दोहराते हैं।

मुझे सभा को दो भूतपूर्व सदस्यों सर्वश्री आशुतोष लॉ और एस.डी.एन.आर. वाडियार के दु:खद निधन के बारे में सूचित करना है।

श्री आशुतोष लॉ आठवीं लोक सभा के सदस्य थे तथा उन्होंने पश्चिम बंगाल के दमदम संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया।

वे प्राक्कलन समिति, आवास समिति और सामान्य प्रयोजनों संबंधी समिति के सदस्य रहे थे।

श्री आशुतोष लॉ का निधन 20 अक्टूबर, 2013 को 73 वर्ष की आयु में कोलकाता में हुआ।

श्री एस.डी.एन.आर. वाडियार आठवीं, नौवीं, ग्यारहवीं तथा तेरहवीं लोक सभा के सदस्य थे तथा उन्होंने कर्नाटक के मैसूर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया।

वे गैर सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों संबंधी समिति और विभाग से संबद्ध परिवहन और पर्यटन संबंधी स्थायी समिति के सदस्य रहे थे। उन्होंने विभिन्न मंत्रालयों की परामर्शदात्री समितियों में भी सदस्य के रूप में कार्य किया।

श्री एस.डी.एन.आर. वाडियार का निधन 10 दिसम्बर, 2013 को 60 वर्ष की आयु में बैंगलोर में हुआ।

हम अपने भूतपूर्व सहकर्मियों की मृत्यु पर अत्यधिक शोकाकुल हैं और मुझे विश्वास है कि सभा शोकसंतप्त परिवारों को अपनी सांत्वना देने में मेरा साथ देगी।

साथ ही आज हम दिवंगत आत्माओं, जिन्होंने 13 दिसम्बर को बहुत बहादुरी का परिचय देते हुए अपने प्राणों को त्याग दिया, उन्हें भी खड़े हो करके कुछ देर के लिए मौन श्रद्धांजलि देते हैं।

11.04 hrs.

The Members then stood in silence for a short while.